11/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारतीय सेना की 4 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल गंभीर सिंह ने कल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनायक से मुलाकात की। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के सामरिक महत्व, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम और राज्य के प्रमुख सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने जीओसी को स्थानीय लोगो और सशस्त्र बलों के बीच सौहार्द को मजबूत करने की सलाह दी। उन्होंने जीओसी को सद्भावना मिशन आयोजित करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में सहायता प्रदान और भर्ती रैलियों के लिए दूरदराज के गांवों में स्थानीय युवाओं को तैयार करने का सुझाव दिया। जीओसी ने राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, कमलेश पासवान ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति और उत्थान प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने यह बात आज अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने राज्य में विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने केंद्रीय योजनाओं पर अधिकतम जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया ताकि ग्रामीण आवास, आजीविका, कौशल विकास और किसानों के लिए आर्थिक अवसरों और सहायता तथा ग्रामीण गरीबों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सांसद तापिर गाओ, विधायक तापी दारांग, निनोंग एरिंग, तोजिर कादु भी शामिल हुए। 0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा अरुणाचल प्रदेश कई जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के साथ तेजी से आर्थिक विकास का अनुभव करने के लिए तैयार है। उन्होने कहा, "केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) जैसे एनएचपीसी, नीपको, टीएचडीसी और SJVN द्वारा क्षेत्र में 12,500 मेगावाट की कुल क्षमता वाली जलविद्युत परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से पांच अगले साल और तीन-तीन 2026 और 2027 में शुरू होने वाली हैं। जो राज्य के साथ-साथ राष्ट्र की बिजली जरूरतों को पूरा करेंगे और राज्य में तेजी से आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देंगे।" उपमुख्यमंत्री मंगलवार को लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में आदि समुदाय के सोलुंग महोत्सव के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

0000000000000000000

M/s ओजू सुबनसिरी हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित ओजू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के संबंध में मंगलवार को अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग सर्कल के अंतर्गत रेड्डी गांव में एक पर्यावरणीय सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की गई।

अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव कोज रिन्या ने कहा कि पर्यावरणीय सार्वजनिक सुनवाई प्रस्तावित परियोजना के निर्माण से प्रभावित होने की संभावना वाले परियोजना स्थल और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों की राय, टिप्पणियां या आपत्तियां जानने के लिए आयोजित की जा रही है। अपर सुबनसिरी के जिला उपयुक्त तासो गाम्बो ने भी सभा को संबोधित किया ।

0000000000000000000

एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, अरुणाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा मंगलवार को राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों से युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया।पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों के प्रथम और द्वितीय स्थान विजेता इस साल के अंत में गोवा के पणजी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की रेड रन मैराथन में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

0000000000000000000

सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख 27 हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान **संचार साथी** पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। 50 संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

विभाग ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के सहयोग से उच्च गति डेटा के साथ स्पैम मुक्त गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवा प्रदान करने के लिए कई उपाय किए हैं। प्राधिकरण ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को रोबोकॉल और प्री-रिकॉर्डेड कॉल सहित स्पैम कॉल का उपयोग करने वाली इकाइयों को बंद करने और उन्हें काली सूची में डालने भी निर्देश दिया है।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मूलसाधार बारिश की सम्भावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने अगले 6 दिन तक असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बहुत तेज बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार में भी 14 सितंबर तक इसी तरह का मौसम रहने की सम्भावना है। विभाग ने 14 से 16 सितंबर तक छत्तीसगढ़ में मूसलाधार वर्षा का अनुमान व्यक्त किया।

0000000000000000000